बलरामपुर पुलिस

एनडीपीएस एक्ट के मामले में गिरफ्तार

बलरामपुर। श्रीदत्तगंज पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ. जितेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के तहत मुकदमा एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मोहम्मद इजहार उर्फ मोहम्मद रजा निवासी रुखी मझारी को गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया।